## पेज 200

**प्रश्न 1:**

अच्छे स्वास्थ्य की दो आवश्यक स्थितियाँ बताइए।

**उत्तर 1:**

अच्छे स्वास्थ्य की दो आवश्यक स्थितियाँ निम्नलिखित हैं:

- ताजा, स्वच्छ तथा पौष्टिक आहार
- सामुदायिक स्वच्छता

**प्रश्न 2:**

रोगमुक्ति की कोई दो आवश्यक परिस्थितियाँ बताइए।

**उत्तर 2:**

रोगमुक्ति की दो आवश्यक परिस्थितियाँ निम्नलिखित हैं:

- अच्छा, ताजा और संतुलित आहार
- स्वच्छता के अनुरूप आदतें तथा स्वच्छ वातावरण

**प्रश्न 3:**

क्या उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर एक जैसे हैं अथवा भिन्न क्यों?

**उत्तर 3:**

दोनों प्रश्नों के उत्तर एक जैसे नहीं हैं परन्तु दोनों आपस में पूरी तरह से संबंधित हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक भोजन के साथ - साथ स्वच्छ रहना भी जरुरी है।